Publication	The Economic Times- Hindi
Date	June 01, 2011
Edition	National

इंटेलीनेट पर ब्रिटिश सेरेको ग्रुप का कब्जा

इंटेलीनेट के लिए 2,861 करोड़ रु देगी ब्रिटिश फर्म

भारत में ब्लैकस्टोन की बड़ी बिक्री

भारत में शीर्ष पाँच निवेशकों की एनिमिट

साल	निवेशक	निवेश की गई कंपनी	एनिमिट वैल्यू (मिलियन $ में)
मिला 10	इंडिया-सिंगापुरा	पहल शर्मा	770
मई 10	वेल्थ कैपिटल	इंफोटेल टेक	400
अप्र 10	सिंगापुरा	एलकेएस	354
मार्च 10	वेगा रेयर्स	एन्वी वेली	313
जून 10	टेक और अन्य	इंटेलिड्रग	199
जन 10	नमरल अटलांटिक	पटनी कंप्यूटर्स	160

शेयरहोल्डिंग*

ब्लैकस्टोन	इंटेलीनेट	बर्कलेज	एचडीएफसी
66.25%	16.25%	12.75%	4.50%

*फीसदी में अनुमानित

रंजी ब्यूरो
मुंबई

ब्रिटेन की कंपनी सेरको ग्रुप ने बीपीओ सेवाएं देने वाली भारतीय कंपनी इंटेलीनेट ग्लोबल सर्विसेज में प्राइवेट इक्विटी फर्म ब्लैकस्टोन और दूसरे सौदेबाजों की हिस्सेदारी खरीद ली है। यह सौदा पूरी तरह नकद है। इसके लिए ब्रिटिश कंपनी 2,861 करोड़ रुपए देगी। इस डील ने भारतीय बीपीओ सेक्टर में निवेशकों की दिलचस्पी बरकरार रहने का संकेत दिया है।

ब्लैकस्टोन की इंटेलीनेट में 66 फीसदी हिस्सेदारी है, जिसके लिए उसे 41.8 करोड़ डॉलर मिल सकते हैं। इसका मतलब यह है कि ब्लैकस्टोन को इंटेलीनेट में निवेश पर तीगुना रिटर्न मिला है। ब्लैकस्टोन ने इंटेलीनेट में निवेश की जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। हालांकि 2007 में कई ऐसी खबरें आई थीं कि प्राइवेट इक्विटी फर्म ने इंटेलीनेट में 80 फीसदी हिस्सेदारी के लिए 20 करोड़ डॉलर की रकम खर्च की थी। ब्लैकस्टोन इंडिया के चेयरमैन अखिल गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि इस डील में 26 फीसदी का इंटरनल रेट ऑफ रिटर्न यानी आईआरआर हासिल हुआ है। यह डील मॉरिशस के जरिए होगी। ऐसे में भारत में इस पर टैक्स नहीं लगेगा। सभी रेगुलेटरी मंजूरी के बाद ही डील पूरी होगी। इंटेलीनेट के सीईओ बुशीर कुमार की अगुवाई वाली मैनेजमेंट टीम को कंपनी में 16 फीसदी हिस्सेदारी के लिए 3.3 करोड़ डॉलर मिलेंगे।

फायदे में ब्लैकस्टोन

ब्लैकस्टोन को इंटेलीनेट में 66 फीसदी हिस्सेदारी है, जिसके लिए उसे 41.8 करोड़ डॉलर मिल सकते हैं

यह डील सौदे के बाद भी कंपनी में बनी रहेगी। सेरको ब्रिटेन और दूसरे देशों में इंफोर्मेशन और हेल्थकेयर जैसे सेक्टरों को बिजनेस सेवाएं देती है। इस सौदे से उसे भारत में बड़ा बैक ऑफिस बेस मिल जाएगा। इंटेलीनेट बीपीओ सेवाओं को नियंत्रित करने वाली भारत की 15 बड़ी कंपनियों में शामिल है। ब्लैकस्टोन ने भारत में शुरुआती तौर पर दो इंटेलीनेट में पैसा लगाया था। प्राइवेट इक्विटी फर्म भारत में पहली बार किसी निवेश से निकल रही है। उसने सत्यं रीकंसलटेंट, पनाशेया कंस्ट्रक्शन और मोजर बेयर इन्फ्रा में भी निवेश किया है।

▶ 33.3 करोड़ पौंड लुलिलेगी: पेज 2